# जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरली वाले भजन लिरिक्स

जब से लिया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले,
सुख फीका फीका लगता,
तबसे ओ मुरली वाले,
जब से लिंया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले।**bd**।

तर्ज – तुझे भूलना तो चाहा।

---

दाता दयालु तुमसा,
मिलता है अब कहाँ पे,
खुशियों से भरता झोली,
बिन मांगे ही यहाँ पे,
करता है तू करिश्मा,
दुनिया से भी निराले,
जब से लिंया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले।**bd**।

---

लागी लगन है ऐसी,
हर पल जो तड़पाये,
दीदार बिन हमारे,
दिल को ना चैन आये,
ये रोग है पुराना,
इस से हमें बचाले,
जब से लिंया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले।**bd**।

---

हर चीज़ में मुझे दी,
बड़ी बरकतें ओ कान्हा,
दे दी जमाने भर की,
खुशियां मुझे ओ कान्हा,
तेरे प्यार का हूँ भूखा,
सुनले ओ मुरली वाले,
जब से लिंया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले।**bd**।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब से लिया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले,
सुख फीका फीका लगता,
तबसे ओ मुरली वाले,
जब से लिंया सहारा,
तेरा ओ मुरली वाले।bd।

– गायक / लेखक / प्रेषक –
मुकेश कुमार जी।
**9660159589**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com